पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में हुआ निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन

देशव्यापी अमृतमहोत्सव एवं पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के 75वाँ वर्षगांठ के उपलक्ष्य में माननीय कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर प्रो. (डॉ.) सीता प्रसाद तिवारी के निर्देशानुसार, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में शनिवार को निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल जबलपुर के अनुभवी दंत चिकित्सकों द्वारा पशुचिकित्सा महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ, छात्र–छात्राओं एवं अन्य कर्मचारियों का दंत परीक्षण किया गया और दंत तथा मुख स्वास्थ्य के संबंध में उचित सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र–छात्राओं ने उत्साह पूर्वक दंत परीक्षण कराया।

यह सम्पूर्ण कार्यक्रम अधिष्ठाता, डॉ. आर.के. शर्मा की उपस्थिति में संचालित किया गया। इस आयोजन पर अधिष्ठाता द्वारा हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा, विभागाध्यक्ष डॉ. हिमाशा दरयानी एवं अनुभवी दंत चिकित्सक डॉ. ए.जे. बोस, अनुषा अग्रवाल, आर्या जैन, अंजली मिश्रा, अंजली बैस, आकांक्षा सिंह, आकांक्षा हरि आदि का आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रावास अधीक्षक डॉ. रणवीर सिंह जाटव एवं डॉ. वैशाली खरे के साथ डॉ. अभिषेक मेश्राम, डॉ. आफरीन खान, डॉ. मयंक सोनी, डॉ. आनंद किरार, नीलम सोनी, मारिया का विशेष सहयोग रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर